# MY PR CLASSES

MY PR CLASSES

one step to success



classes for cgpsc & cgvyapm

# DAILY CURRENT AFFAIRS
# CHHATTISGARH

## 8-9-10 अगस्त 2021






Q. जल जीवन मिशन के तहत एक व्यक्ति के लिए प्रतिदिन कितने लीटर पानी की आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित है--

A) 55 लीटर

B) 60 लीटर

C) 50 लीटर

D) 65 लीटर

# महत्त्वपूर्ण तथ्य

★जल जीवन मिशन की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 15 अगस्त 2019 को की थी ।

★वर्ष 2024 तक दूर-सुदूर प्रत्येक गांव तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है।

★इस मिशन में केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम करेंगी ।

★जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए केंद्र सरकार 3 लाख 60 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी।

★केन्द्रांश -50% ओर राज्यांश 50% होगा।

★ जल शक्ति मंत्रालय के अधीन यह योजना संचालित है।

★ जलशक्ति मंत्रालय के वर्तमान मंत्री है - गजेंद्र सिंह शेखावत

★छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस योजना को नरवा योजना के तहत जोड़ा गया है।

★छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023 तक प्रत्येक परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

Q. हरेली त्यौहार किस तिथि को मनाया जाता है -

A)श्रावण पूर्णिमा

B)श्रावण अमावस्या

C) भादो शुक्ल चतुर्थी

D) आषाढ़ अमावस्या

VIPR CLASSES
One step to success

## महत्त्वपूर्ण तथ्य

★ छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम त्यौहार हरेली पर्व के रूप में श्रावण अमावस्या को मनाया जाता है।

★यह मुख्यत: किसानों का प्रमुख त्यौहार है।

★हरेली अर्थात हरियाली से संबंधित है।

★इस दिन किसान कृषि उपकरणों के साथ बैलों की पूजा कर प्रकृति को धन्यवाद ज्ञापित करता है तथा अच्छे फसल उत्पादन की कामना करता है।

★ इस दिन बच्चे गेड़ी नृत्य भी करते है।

Q. विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा की शुरुआत श्राव अमावस्या के दिन किस रस्म को पूर्ण कर की जाती है?

A) काछिन गादी

B)जोगी बिठाई

C)पाट जात्रा

D)निशा जात्रा

## महत्वपूर्ण तथ्य

★बस्तर दशहरा की शुरुआत हरेली अमावस्या को माचकोट जंगल से लाई गई लकड़ी ठुरलू खोटला पर पाटजात्रा रस्म पूरी करने के साथ होती है। इसके बाद बिरिंगपाल गांव के ग्रामीण सीरासार भवन में सरई पेड़ की टहनी को स्थापित कर डेरीगड़ाई रस्म पूरी करते हैं। इसके बाद विशाल रथ निर्माण के लिए जंगलों से लकड़ी लाने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। झारउमरगांव व बेड़ाउमरगांव के ग्रामीण रथ निर्माण की जिम्मेदारी निभाते हुए दस दिनों में पारंपरिक औजारों से विशाल रथ तैयार किया जाता है।

## महत्वपूर्ण तथ्य

# पाटजात्रा रस्म



credit- patrika.com

**Q.** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए छत्तीसगढ़ की किस योजना को स्कॉच गोल्ड अवार्ड दिया गया है-

A)राजीव गांधी किसान न्याय योजना

B) सुजला योजना

C) राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना ।

D)गोधन न्याय योजना

## महत्त्वपूर्ण तथ्य

◆ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए गोधन न्याय योजना को स्कॉच गोल्ड अवार्ड दिया गया।

◆ यह पुरस्कार 20 मार्च 2021 को प्रदान किया गया है।

◆ वर्तमान में 5590 गोठान संचालित है तथा 9950 गोठनों की स्वीकृति हो चुकी है।

◆स्कॉच ग्रुप सामाजिक आर्थिक मुद्दों पर काम करने वाला भारत का अग्रणी थिंक टैंक है. यह ग्रुप भारत को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, परियोजनाओं और संस्थाओं को सम्मानित करता है

Q. राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में किस तिथि से किया जाएगा--

A) अश्विनी शुक्ल चतुर्थी

B) देवउठनी एकादशी

C)श्रावण पूर्णिमा

D)माघ पूर्णिमा

# महत्वपूर्ण तथ्य

◆राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना राज्य में कार्तिक एकादशी देवउठनी पर्व से शुरू होगी। प्रदेश सरकार ने योजना के लिए अनुपूरक बजट में 200 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इस योजना से राज्य के 12 से 15 लाख भूमिहीन परिवार लाभान्वित होंगे।

◆ प्रत्येक भूमिहीन परिवार को 6000 रु प्रतिवर्ष प्रदान की जाएगी ।

◆धोबी, नाई, लोहार और पुजारी को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

Q.9 अगस्त 2021 विश्व आदिवासी दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ जनजाति एटलस का विमोचन किया गया।इसके पहले किन 2 राज्यों ने ऐसा एटलस जारी किया है--

A)मध्यप्रदेश और झारखंड

B)झारखंड और उत्तराखंड

C)ओडिशा और मध्यप्रदेश

D)झारखंड और ओडिशा

# महत्वपूर्ण तथ्य

◆ प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है।
◆इस बार विश्व आदिवासी दिवस का थीम है- किसी को पीछे नहीं छोड़ना : स्वदेशी लोग ओर एक नए सामाजिक अनुबंध का आव्हान
◆जनजातीय एटलस तैयार करने के मामले में छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के बाद देश का तीसरा राज्य बन गया है।
◆आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (TRI) द्वारा एटलस तैयार किया गया है।



### आदिवासी संस्कृति और परंपराओं के समृद्ध होते इंद्रधनुषी रंग


# हमारी प्राथमिकता, हमारा प्रयास
# आदिवासी समाज का बहुमुखी विकास





## की शुभकामनाएं

### आदिवासी समाज के उत्थान की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वपूर्ण कदम

- व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वनाधिकार पत्रों के वितरण में **छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में**
- बस्तर के लोहंडीगुड़ा में इस्पात संयंत्र के लिए अधिग्रहित **4200 एकड़** कृषि भूमि आदिवासी किसानों को वापस
- 944 आदिवासियों के खिलाफ दर्ज **718 प्रकरण** वापस, 124 नक्सल प्रकरणों में **218 आदिवासी** दोषमुक्त
- **स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों** में उत्कृष्ट शिक्षा के समान अवसर
- **मलेरिया मुक्त अभियान** की व्यापक सफलता, नीति आयोग एवं यूएनडीपी द्वारा प्रयासों की सराहना
- **मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना** के तहत **11 लाख** आदिवासी ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवा की पहुंच
- **राजीव गांधी किसान न्याय योजना** से आदिवासी किसानों के लिए अवसरों का निर्माण, बढ़ा दायरा
- तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर ₹2,500 से बढ़ाकर **₹4,000 प्रति मानक बोरा, देश में सर्वाधिक**
- महज 2.5 सालों में 7 से बढ़कर **52 लघु वनोपजों** की समर्थन मूल्य पर खरीदी
- तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की सामाजिक सुरक्षा के लिए **शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार सामाजिक सुरक्षा योजना**
- आदिवासी कला संस्कृति को विश्व मंच पर लाने के लिए विभिन्न प्रयोजन
- **राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत आदिवासी क्षेत्रों में नये पर्यटन केंद्रों का विकास**





> “हम छत्तीसगढ़ के लोग भाग्यशाली हैं जो हमारे प्रदेश में आदिवासी समाज के रूप में एक गौरवशाली इतिहास, एक समृद्ध भाषा और एक अद्भुत संस्कृति हमारा गौरव बढ़ाती है। जय आदिवासी। जय छत्तीसगढ़।”

-भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**बात हे अभिमान के, छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के**

# DAILY CURRENT AFFAIRS

# CHHATTISGARH

## 8-9-10 अगस्त 2021

